दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, सोमवार 17 फरवरी 2020

www.nyaysakshi.com

संपादकीय

बड़े गुनाह की सज़ा

शासन-प्रशासन, समाज-मीडिया के आंख मूंद लेने के बाद टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की विंग के सोशल ऑडिट में मुजफ्फरपुर आश्रय गृह का जो भयावह सच सामने आया था, उसे सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद किसी हद तक अंजाम तक पहुंचाया जा सका। एक एनजीओ सेवा संकल्प और विकास समिति तथा सत्ताधीशों के अपवित्र गठबंधन से चल रहे काले कारनामों का असली सच अभी सामने आना बाकी है, मगर दिल्ली की साकेत कोर्ट स्थित पॉस्को अदालत ने चालीस लड़कियों के यौन शोषण के मामले में मुख्य अभियुक्त ब्रजेश ठाकुर समेत बारह को उम्रकैद की सजा सुनाई है। ब्रजेश ठाकुर को अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा। इस कांड के फरवरी, 2018 में उजागर होने पर पूरा देश स्तब्ध रह गया था। हालांकि, बिहार के मुजफ्फरपुर में इस मामले में मई, 2018 के आखिरी दिन प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बिहार सरकार से हर साल एक करोड़ रुपये की ग्रांट हासिल करने वाले ब्रजेश ठाकुर का रुतबा ऐसा था कि जिस दिन मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई, उसी दिन उसे एक बड़ा टेंडर सरकार की तरफ से मिला। विडंबना ही है कि सरकार से जो ग्रांट बेसहारा व किस्मत की मारी लड़कियों के संरक्षण के लिये मिल रही थी, वहां उनका शारीरिक शोषण हो रहा था। अदालत ने ब्रजेश समेत बारह लोगों को उम्रकैद की सज़ा सुनाई और 32 लाख का जुर्माना भी लगाया है। इस भयावह सच के उजागर होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले को बिहार से दिल्ली स्थानांतरित करवाने के निर्देश दिये थे, अन्यथा इस मामले में शायद ही कभी दोषियों को सज़ा हो पाती। मीडिया में घुसपैठ बनाकर ब्रजेश ठाकुर इतनी बड़ी ताकत बन गया था कि बड़े राजनेता तक उसके सामने नतमस्तक थे। तभी आश्रय गृह में लगातार यौन शोषण व लड़कियों के गायब होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस मामले के उजागर होने के बाद गवाहों पर दबाव बनाने से लेकर तथ्यों से छेड़छाड़ के इतने बड़े पैमाने पर प्रयास हुए कि बिहार के कई महिला संगठनों को अदालत की शरण में जाना पड़ा। बीच में मामले की जांच का नेतृत्व कर रहे सीबीआई के डीएसपी का तबादला हुआ। कई पीड़ित बच्चियों ने ग्यारह लड़कियों के लापता होने के बयान दिये थे। पटना में प्रेस कानफ्रेंस करके सीबीआई ने ग्यारह लड़कियों की हत्या होने की बात कही थी। बाकायदा खुदाई भी हुई और हड्डियां भी बरामद हुईं। मगर बाद की सीबीआई रिपोर्ट में हत्याओं का कोई जि नहीं हुआ। किसी अपराधी को मृत्युदंड नहीं मिला। दरअसल, इस मामले में बिहार सरकार की उदासीनता को लेकर भी सवाल उठे। इस वीभत्स कांड में राजनेताओं की भूमिका की जांच नहीं हुई। यह संभव नहीं था कि राजनीतिक संरक्षण के बिना ब्रजेश ठाकुर यह खेल, खेल रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में बिहार के सभी आश्रय गृहों की जांच के आदेश दिये थे।

शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ा

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण बीते सप्ताह 1.09 लाख करोड़ रुपये बढ़ा। इसमें सबसे अधिक फायदे में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान युनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और बजाज फाइनैंस का बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) भी बढ़ा है।

शुक्रवार को समाप्त सप्ताह में शीर्ष 10 में शामिल एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी ही मात्र ऐसी कंपनियां रहीं, जिनके बाजार पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 33,534.56 करोड़ रुपये बढ़कर 9,42,422.58 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 20,619.84 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ और यह 4,88,132.65 करोड़ रुपये रहा। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 17,673.73 करोड़ रुपये बढ़कर 8,19,445.77 करोड़ रुपये रहा।

इसके अलावा भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 13,911.68 करोड़ रुपये, बजाज फाइनैंस का 8,014.92 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 6,138.65 करोड़ रुपये, कोटक महिंद्रा बैंक का 5,666.73 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का 3,832.8 करोड़ रुपये बढ़ा। सप्ताह की समाप्ति पर इन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण क्रमशः 3,08,293.55 करोड़ रुपये, 2,87,802.92 करोड़ रुपये, 3,53,225.18 करोड़ रुपये, 3,21,586.80 करोड़ रुपये और 3,34,816.02 करोड़ रुपये रहा।

दूसरी तरफ, एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में इस दौरान 12,409.1 करोड़ रुपये की गिरावट रही और यह 6,67,982.74 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी के बाजार पूंजीकरण में भी 777.55 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 4,15,225.64 करोड़ रुपये रहा। कुल बाजार पूंजीकरण के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान युनिलीवर, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल और बजाज फाइनैंस का स्थान रहा। बीते सप्ताह सेंसेक्स में 115.89 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश 50 प्रतिशत तक घटा

नयी दिल्ली (आरएनएस)। शेयरों में निवेश से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पिछली तिमाही की तुलना में निवेश 50 प्रतिशत घटकर करीब 12,000 करोड़ रुपये रहा। इसकी प्रमुख वजह आर्थिक वृद्धि में नरमी और शेयर मूल्यांकन को लेकर निवेशकों की चिंता है। निवेश में यह कमी सभी श्रेणी के इक्विटी फंड में देखी गयी जिसमें बड़ी कंपनियों (लार्ज कैप), मझोली कंपनियों (एम कैप) छोटी कंपनियों (स्मॉल कैप) के शेयरों और लाभांश से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। मॉर्निंगस्टार की रपट के अनुसार समीक्षावधि में जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं का कुल निवेश 11,837 करोड़ रुपये रहा।

विदेशी मुद्रा भंडार 473 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई (आरएनएस)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार 20वें सप्ताह बढ़ता हुआ सात फरवरी को समाप्त सप्ताह में पहली बार 473 अरब डॉलर पर पहुँच गया।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 07 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.70 अरब डॉलर बढ़कर 473 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। यह लगातार 20वां सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा के भंडार में वृद्धि हुई है। इससे पहले 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में यह 4.61 अरब डॉलर बढ़कर 471.30 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के अनुसार, 07 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.94 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और यह 439.19 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान आरबीआई ने सोने की बिक्री की जिससे स्वर्ण भंडार 21.8 करोड़ डॉलर घटकर 28.78 अरब डॉलर रह गया।

शेयर बाजार में अगले सप्ताह वैश्विक रुझानों पर होगी नजर

नई दिल्ली (आरएनएस)। घरेलू मोर्चे पर इस सप्ताह कोई बड़ी गतिविधियों के अभाव में शेयर बाजार में आगे की चाल वैश्विक रुझानों पर निर्भर करेगी। छुट्टियों के चलते सीमित कारोबारी दिवस वाले इस सप्ताह में बाजार की धारणा पर कोरोना वायरस से संबंधित खबरों का असर भी दिख सकता है। शेयर बाजार महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को बंद रहेंगे। इस तरह चार दिन ही कारोबार होगा। मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख (खुदरा शोध) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आगे की बात करें तो घरेलू मोर्चे पर किसी बड़े घटनाक्रम के अभाव में बाजार एक सीमित दायरे में रहेगा।

आईपीएल 2020: जारी हुआ लीग मुकाबलों का शेड्यूल

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आईपीएल का ओपनिंग मैच में 29 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। क्रिकइन्फो वेबसाइट के मुताबिक, 29 मार्च से इस प्रतिष्ठित लीग का 13वां एडिशन शुरू होगा जब 4 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस टीम 3 बार की विजेता चेन्नै सुपर किंग्स से भिड़ेगी। अगले ही दिन 30 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच मुकाबला खेला जाएगा। बता दें कि आईपीएल 2019 के फाइनल मैच में रोहित शर्मा की मुंबई इंडियंस ने महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर चौथी बार खिताब पर अपना कब्जा जमाया था।

आईपीएल के इस सीजन में सिर्फ रविवार के दिन ही दो मैच खेले जाएंगे, जिसकी वजह से इस बार लीग चरण 50 दिन तक चलेगा। पिछली बार यह 44 दिन तक चला था। लीग चरण में मैचों का समय रात 8 बजे होगा। वहीं, रविवार को डबल हेडर मैच का एक समय शाम 4 बजे का रहेगा। लीग दौर में सभी टीमों के बीच 56 मैच खेले जाएंगे और लीग चरण का अंत 17 मई को होगा।आईपीएल का फाइनल मैच 24 मई को खेला जाएगा।

आईपीएल की कई टीमों ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडिल से अपने मैचों का शेड्यूल भी जारी किया है। इस बार आईपीएल में कुछ नए नियम भी देखने को मिलेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 सीजन में कन्कशन सब्स्टीट्यूट नियम लागू किया जाएगा। यानी अगर किसी खिलाड़ी को बल्लेबाजी या गेंदबाजी के दौरान चोट लग जाती है।

डीजल का दाम घटा, पेट्रोल स्थिर

नईदिल्ली (आरएनएस)। तेल विपणन कंपनियों ने एक दिन के विराम के बाद रविवार को फिर डीजल के दाम में कटौती करके उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत दी, लेकिन पेट्रोल के भाव में लगातार पांचवें दिन कोई बदलाव नहीं किया।

डीजल का दाम दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में सात पैसे प्रति लीटर, जबकि चेन्नई में आठ पैसे प्रति लीटर घट गया है, लेकिन पेट्रोल की कीमत लगातार पांचवें दिन स्थिर बनी हुई है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में रविवार को डीजल की कीमत घटकर क्रमशः 64.70 रुपये, 67.02 रुपये, 67.80 रुपये और 68.32 रुपये प्रति लीटर हो गई। वहीं, पेट्रोल का दाम चारों महानगरों में बिना किसी बदलाव के क्रमशः 71.94 रुपये, 74.58 रुपये, 77.60 रुपये और 74.73 रुपये प्रति लीटर पर बना बना हुआ है।

अभ्यास मैच : मयंक, पंत के अर्धशतक, भारत ने खेला ड्रॉ

हैमिल्टन। भारत और न्यूजीलैंड एकादश के बीच खेला गया तीन दिवसीय अभ्यास मैच ड्रॉ रहा। मैच के तीसरे और आखिरी दिन रविवार का अंत भारत ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट के नुकसान पर 252 रनों के साथ किया। भारत के लिए अच्छी बात यह रही की सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने अपनी फॉर्म में वापसी करते हुए 81 रन बनाए। उनके अलावा ऋषभ पंत ने 70 रनों का योगदान दिया।

भारत ने दिन की शुरुआत 59 रनों पर बिना किसी नुकसान के साथ की। दूसरे दिन 35 रनों पर नाबाद लौटने वाले पृथ्वी शॉ सिर्फ चार रन ही अपने खाते में जोड़ सके और 39 रनों पर आउट हो गए। डार्ली मिशेल ने शॉ को आउट किया। शुभमन गिल एक बार फिर विफल रहे और सिर्फ नौ रन ही बना सके। उनका विकेट 82 के कुल स्कोर पर गिरा। यहां से मयंक और पंत ने बेहतरीन साझेदारी की और 100 रन जोड़े। 182 के कुल स्कोर पर मंयक रिटायर्ड हो गए।

लगातार 23 घंटे तक शूटिंग करती रहीं अनन्या पांडे

बॉलिवुड की नई सनसनी अनन्या पांडे ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन के साथ साथ उनकी ऐक्टिंग को काफी सराहा गया था। इस समय वह अपनी अगली फिल्म खाली पीली की शूटिंग कर रही हैं। फिल्म में अपने रोल को बेहतरीन बनाने के लिए वह कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही हैं। एक हालिया खबर की मानें तो आनन्या इस समय लगातार 23 घंटे तक भी काम कर रही है।

सूत्रों की मानें तो लगातार शूटिंग के अलावा अनन्या नरेशंस में शामिल होना और इवेंट्स में शामिल होने जैसे अपने प्रफेशनल कमिटमेंट पूरे कर रही हैं। एक सूत्र ने बताया, अनन्य इस समय लगातार अपनी शूटिंग और अन्य कामों में बिजी है। हाल में खाली पीली के एक शेड्यूल के दौरान उन्होंने सुबह 8 बजे शूटिंग शुरू की और अगली सुबह तक वह शूटिंग करती रहीं। अनन्या ने एक ही बार में लगभग 23 घंटे से ज्यादा की शूटिंग की।

उन्होंने आगे बताया, अनन्या के पास इस समय वक्त की काफी कमी है लेकिन उनका कोई भी काम छूट नहीं रहा है। वह एक गाने के लिए शूटिंग कर रही हैं, इवेंट्स में शामिल हो रही हैं। स्क्रिप्ट के रीडिंग सेशन में शामिल हो रही हैं और 2020 में उनकी कई फिल्में आने वाली हैं जिसके लिए वह शूटिंग कर रही हैं। फरवरी के अंत में ही अनन्या कुछ और फिल्मों की शूटिंग भी शुरू कर देंगी। बता दें कि ईशान खट्टर के साथ वाली खाली पीली के अलावा अनन्या ने एक और फिल्म भी साइन की है जिसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और दीपिका पादुकोण दिखाई देंगे।

मुझे कभी किसी ने प्रपोज नहीं किया है: दिशा पाटनी

इस समय बॉलिवुड की सबसे फिट और ग्लैमरस ऐक्ट्रेसेस में दिशा पाटनी का नाम शामिल नहीं किया जाए, ऐसा हो ही नहीं सकता। दिशा की अभी कुछ ही फिल्में आई हैं लेकिन उनकी लंबी-चौड़ी फैन फॉलोइंग है। वैसे पिछले काफी दिनों से दिशा और टाइगर श्रॉफ के कथित अफेयर के काफी चर्चे रहे हैं। हालांकि इस पर दोनों ने ही हमेशा खामोशी बरती है। वैसे अगर दिशा की मानें तो आज तक उन्हें कभी किसी लड़के ने प्रपोज नहीं किया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, खुद दिशा ने ऐसा कहा है कि उन्हें किसी लड़के ने प्रपोज नहीं किया है। हाल में दिशा अपनी हालिया रिलीज फिल्म मलंग के कारण चर्चा में हैं और इसी के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें किसी ने प्रपोज नहीं किया। दिशा ने कहा, दरअसल स्कूल में टॉमबॉय थी, इसलिए किसी ने प्रपोज नहीं किया।

दिशा ने आगे यह भी कहा कि उनके पिता पुलिस में रहे हैं इसलिए भी शायद किसी ने उनसे पूछा नहीं। उन्होंने कहा, डैड पुलिस में थे, किसी ने पूछा नहीं कभी। फिर कॉलेज में भी किसी ने नहीं पूछा। फिर इधर आ गई। इधर कोई पार्टी-वार्टी में नहीं जाती हूं तो मिली नहीं किसी से। सैड लाइफ रही है काफी।

आज का राशिफल

मेषः राशि का स्वामी मंगल-पापग्रहों की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी।

वृषभः आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

मिथुनः राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा।

कर्कः चंद्रमा पंचम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

सिंहः राशी का स्वामी सूर्य कुंभ राशि सप्तम केंद्र भाव में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे।

कन्याः रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

तुलाः आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी।

वृश्चिकः आपकी राशि पर शनि की साढ़ेसाती कुछ दिन और चलेगी। कुछ आंतरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त , जड़ जमा रहे हैं।

धनुः आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

मकरः आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे।

कुंभः आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि उदय चल रहा है।

मीनः आज का दिन संतान की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा।

बिना प्याज के भी बन सकती है टेस्टी शाही पनीर रेसिपी

सामग्री

पनीर- 250 ग्राम, मूंगफली- 1 चम्मच, खरबूजे के बीज- 1 चम्मच, खसखस- 1 चम्मच, अदरक और हरी मिर्च का पेस्ट- 1, चम्मच, धनिया पाउडर- 1 चम्मच, काजू- 5-6 लाल, मिर्च पाउडर- 1/2, चम्मच घी- 1 चम्मच तेल- 1, चम्मच काली मिर्च पाउडर- चुटकीभर चीनी- 1, चम्मच टमाटर की प्यूरी- 1, दूध-1 कप ताजा दही- 2 चम्मच, मलाई- 2 चम्मच, कसूरी मेथी- 1 चम्मच, हल्दी पाउडर- 1/4 चम्मच शाही पनीर, मसाला- 1 चम्मच, नमक- स्वादानुसार

विधि -

पहले मूंगफली, खरबूज के बीज, खसखस काजू को 5-6 घंटे के लिए भिगोकर रख दें। फिर इन्हें ब्लैंड करके स्मूद पेस्ट बना लें। एक पैन में तेल गर्म करे, उसमें जीरा व तैयार किए पेस्ट को भूनें। फिर इसमें अदरक, मिर्च, टमाटर प्यूरी, नमक, धनिया पाउडर, लाल मिर्च, हल्दी पाउडर को मिक्स करके धीमी आंच पर भूनें। अब इसमें दही और मलाई मिक्स करके एक मिनट के लिए भूनें।

इसके बाद इसमें पनीर डालकर पकाएं। इसके बाद इसमें गर्म मसाला और कसूरी मेथी डालें। अब इसमें दूध या क्रीम डालकर 3-4 मिनट तक पकने दें। जब यह अच्छी तरह से पककर गाढ़ी हो जाए तो गैस बंद कर दें। गार्निश के लिए इसमें थोडा-सा घी, हरा धनिया और कद्दूकस पनीर डालें। आपका शाही पनीर तैयार है। गर्म गर्म पराठे और रोटी के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 36

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 35 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष्म	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

सू-दोकू- 36

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 35 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3	8	2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7